हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान व सेवा संकल्प अभियान...



07 पान उत्पादक किसानों को और समृद्ध किया जाएगा



खबर संक्षेप

भावांतर शिकायत कक्ष व कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार सोयाबीन खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत भावांतर योजना के सुचारू संचालन एवं किसानों और व्यापारियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीहोर कृषि उपज मंडी में प्रवेश द्वार पर कंट्रोल रूम एवं भावांतर शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। मंडी सचिव द्वारा कंट्रोल में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्राप्त शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

25 लाख के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

सीहोर। विधायक सुदेश राय ने ग्राम बरखेड़ा हसन में पंचम वित्त आयोग के दो, 15वें वित्त आयोग के एक तथा विधायक निधि से निर्मित एक विकास एवं निर्माण कार्य सहित कुल चार कार्यों का लोकार्पण किया। इन सभी निर्माण कार्यों की कुल लागत लगभग 25 लाख रुपये है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार और विकास होगा तथा ग्रामवासियों को लाभ प्राप्त होगा।

बढ़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र भी सीमा विस्तार में शामिल, शहर के विकास को मिलेगी नई दिशा

नगर पालिका की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव परिषद में सर्वसम्मति से पारित, 21 गांव होंगे शामिल

नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया यह निर्णय सीहोर के भविष्य के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सुनियोजित विकास और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद सीहोर में सीमा वृद्धि को लेकर विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में नगर पालिका की सीमा के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें परिषद ने सर्वसम्मति से सीमा वृद्धि के प्रस्ताव को पारित किया। प्रस्ताव के तहत 21 गांवों एवं बढ़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र को नगर पालिका की सीमा में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

सीमा वृद्धि के इस प्रस्ताव को सीहोर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे शहर के विस्तार, आधारभूत सुविधाओं के विकास, नागरिक सेवाओं के बेहतर प्रबंधन और भविष्य की विकास योजनाओं को व्यापक स्वरूप देने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका की सीमा वृद्धि का उद्देश्य सीहोर के विकास को नई दिशा देना और आने वाले समय की जरूरतों के अनुरूप शहर की विकास योजनाओं को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शहर का विस्तार केवल भौगोलिक सीमा बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ नागरिक सुविधाओं, सड़क, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है।

आगे बोलते हुए अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया यह निर्णय सीहोर के भविष्य के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। नए क्षेत्रों को नगर पालिका की सीमा में शामिल करने से शहरी विकास की योजनाओं को व्यापक स्तर पर तैयार करने का अवसर मिलेगा। हमारा प्रयास है कि सीहोर का विकास व्यवस्थित रूप से हो और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर काम किया जाए।

इन गांवों और औद्योगिक क्षेत्र को किया गया प्रस्ताव में शामिल

नगर पालिका सीमा वृद्धि के प्रस्ताव में थुना खुर्द, जमुनिया तालाब, अब्दुल्लापुर, मुरली, गोपालपुरा, अवंतीपुरा, बिजोरा, तखीपुर, शेरपुर, खुर्शीदपुर, आलड़ाखेड़ी, सारंगखेड़ी, चंदेरी, भगवानपुर, शाहपुरा, कोरिया, शिवपुरी, बिजलोंन, मगौसपुर, रफीगंज, बढ़ियाखेड़ी तथा बढ़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया गया है। विशेष सम्मेलन में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय कोहली, नगर पालिका के समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कालियादेव: रात में हुई भूत-प्रेतों की पेशी, आज लगेगा मेला, श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी



प्रशासन ने की थी चाक चौबंद व्यवस्था

कालियादेव मेले में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या देखते हुए प्रशासन ने सभी व्यापक इंतजाम किए थे। सुरक्षा को लेकर लेकर जहां पुलिस और प्रशासनिक अमला चप्पे-चप्पे पर पूरे समय तैनात रहा, वहीं पेयजल, छाया आदि के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। एसडीएम स्वाती मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले मे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम, दमकल, सहित तहसीलदार, नायबतहसीलदार, पटवारी, पंचायत सचिव, चौकीदार सहित बड़े अधिकारी मेले स्थल पर मौजूद रहेंगे।

कालियादेव कुंड में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था और विश्वास की डुबकी

इछावर । आधुनिकता के इस दौर में जहां हमारी संस्कृति और परंपराएं विलुप्त होती जा रही है, वहीं जंगलों में रहने वाले जनजातीय समुदाय के लोग आज भी अपनी परंपरा और संस्कृति को संजोए हुए है। इसकी एक बानगी भूतड़ी अमावस्या को लगने वाले कालिया देव मेलें में देखने को मिली । जहां आसपास सहित दूर - दराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे महिला, पुरुष और बच्चों ने कालियादेव कुंड में डुबकी लगाकर रीति रिवाज से कालिया देव की पूजा अर्चना एवं तांत्रिक अनुष्ठान किए। दरअसल वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के पीछे लोगों की मान्यता है कि भूतड़ी अमावस्या की रात को इस कुंड में स्नान करने एवं देव की पूजा अर्चना करने से प्रेत-बाधाएं एवं बुरी शक्तियों का साया दूर हो जाता है। साथ ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि दूर दराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पहुंचे थे। इछावर तहसील के गांव नादान के पास घने जंगलों में स्थित कालियादेव स्थान पर भूतड़ी अमावस्या की रात्रि (शुक्रवार, शनिवार) को एक विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास गांवों सहित दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कालियादेव कुंड में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाई। रात में आयोजित होने वाले इस मेले में जनजातीय संस्कृति और परंपरा की अनुपम विरासत की झलक दिखाई दी।

जनजातीय समुदाय की महिला, पुरुष और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में शाम को मेलें में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेत बाधाओं से मुक्ति और मोक्ष प्राप्त की कामना को लेकर कुंड में स्नान कर अपनी पारंपरिक रीति रिवाज के साथ कालियादेव की पूजा अर्चना की। सदियों से चली आ रही इस परंपरा का यह लोग आज भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। गांव अलीपुर के बुजुर्ग गुलाब सिंह, रेमसिंह, हजारीलाल का कहना है कि भूतड़ी अमावस्या की रात को सीप नदी के कालियादेव कुंड में स्नान करने एवं देव की पूजा करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

उन्होंने कहा कि अपने पिता और दादा को यह करते हुए देखा वह भी अपने बच्चों के साथ इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं।मेलें में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

कुंड से है पाताल लोक का रास्ता

घने जंगलों और विन्ध पर्वत श्रंखलाओं के बीच से निकलने वाली सीप नदी पर एक झरना है, जिसके नीचे बने कुंड को जनजातीय समुदाय के लोग पाताल लोक का रास्ता मानते हैं। पितृ मोक्ष अमावस्या की विशेष तिथि पर दूर.दराज से जनजातीय समुदाय के लोग, महिलाएं, पुरुष और बच्चे यहां एकत्रित होते है। वे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सीप नदी में कालियादेव की पूजा-अर्चना करते हैं , उनकी मान्यता है कि भूतड़ी अमावस्या की रात को कुंड में डुबकी लगाने और देवता की पूजा अर्चना करने से प्रेत बाधाओं और बुरी शक्तियों का साया दूर होता है साथ ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

चलती बाइक पर गिरा तार, जलकर खाक, आग लगते ही पिता-पुत्र ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर-इछावर मार्ग पर डाकपुलिया के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया। चलती बाइक पर अचानक 11 केवी हाईटेंशन बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे बाइक में भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त बाइक पर सवार पिता और पुत्र ने तत्परता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित पिता के अनुसार वे अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर इछावर रोड से गुजर रहे थे। जैसे ही वे डाकपुलिया के पास पहुंचे, तभी ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का एक तार टूटकर सीधे उनकी चलती बाइक पर आ गिरा।



तार गिरते ही बाइक में जोरदार चिंगारी उठी और देखते ही देखते बाइक ने आग पकड़ ली।

पिता-पुत्र ने कूदकर बचाई जान

बिजली का तार गिरते और आग की लपटें उठते ही पिता और पुत्र ने सूझबूझ का परिचय दिया और तुरंत चलती बाइक से नीचे कूद गए। हालांकि बाइक पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई और धू-धू कर जलने लगी, लेकिन गनीमत यह रही कि दोनों सवार सुरक्षित बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई।

सड़क किनारे जलकर खाक हुई बाइक

हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ी बाइक आग का गोला बन गई और उसमें से धुएं का गुबार उठने लगा। राहगीरों और आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक काफी हद तक जलकर खाक हो चुकी थी। घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवाजाही भी प्रभावित रही। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर और ढीले तारों की शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि समय रहते रखरखाव किया जाता, तो यह बड़ा हादसा टल सकता था। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच और नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

नशे में धुत ड्राइवर ने पुलिसकर्मी की पकड़ी वर्दी: चेकिंग के दौरान बदसलूकी, लोडिंग वाहन किया जब्त

सीहोर। सेकड़ाखेड़ी जोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में धुत लोडिंग गाड़ी के चालक ने हंगामा कर दिया। चालक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की और हाथापाई पर उतारू हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर लोडिंग वाहन जब्त कर लिया है। अल्कोहल टेस्ट कराने पर करने लगा बहस जानकारी के अनुसार, सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ अपनी टीम के साथ सेकड़ाखेड़ी जोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध लोडिंग वाहन को रोका। चालक के पास से शराब की तेज गंध आने पर पुलिस ने उसका अल्कोहल टेस्ट कराने की कोशिश की। इस पर चालक और उसके साथी पुलिसकर्मियों से बहस करने लगे। नशे में धुत चालक ने एक पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़ने की कोशिश की। समझाने के बाद भी वह लगातार अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता रहा। हंगामा बढ़ने पर यातायात पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और वाहन जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम, शासकीय कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से बदसलूकी से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।



8 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला महिला कर्मचारी का गला दबाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर शहर क्षेत्र में बिजली चोरी की जांच करने पहुंची विभागीय टीम पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हमला करने, अभद्रता करने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के दौरान आरोपियों ने महिला कर्मचारी के साथ भी हाथापाई की और उनका गला दबाने का प्रयास किया। मामले की सूचना मिलने के बाद थाना कोतवाली सीहोर में 8 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली चोरी की गुप्त सूचना मिलने पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंधक जोन.2 साधना कवरेती के नेतृत्व में एक जांच टीम शहर के कंजर चौराहा क्षेत्र पहुंची थी। टीम जब एक उपभोक्ता के बिजली कनेक्शन की बारीकी से जांच कर रही थी, तभी वहां मौजूद कुछ लोग उग्र हो गए और टीम का विरोध करने लगे।



देखते ही देखते विरोध मारपीट में बदल गया। आरोपी जयप्रकाश, जयवंती और उनके सहयोगियों ने जांच टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। शिकायत के मुताबिक उग्र भीड़ ने ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मचारी प्रीति शुक्ला का गला दबाने की कोशिश की। वहीं लाइन हेल्पर राहुल चौहान के साथ मारपीट करते हुए उनका हाथ मरोड़ दिया गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने चेकिंग टीम पर ईंट-पत्थर फेंककर जानलेवा हमला करने का प्रयास भी किया।

पुलिस की मदद से बची टीम

मौके पर स्थिति बिगड़ती देख और कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में पड़ता देख, जांच टीम ने तुरंत आपातकालीन पुलिस सेवा 112 पर फोन कर सहायता मांगी। पुलिस बल के मौके पर पहुंचते ही आरोपी शांत हुए, जिसके बाद टीम ने राहत की सांस ली और सीधे कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

इन 8 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

बिजली कंपनी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एफआईआर में कंजर चौराहा निवासी आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जिनमें जयप्रकाश, करन सिलावट, सचिन सिलावट, दीपक, जयवंती, रानी, मीरा और आदित्य शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की विवेचना जारी है।

बिजली कंपनी का सख्त रुख

घटना के बाद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैदानी अमले के साथ हुई इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। कंपनी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑन-ड्यूटी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का दुव्यवहार, मारपीट या शासकीय काम में रुकावट को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी ने अपने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि यदि भविष्य में ऐसी कोई भी अप्रिय घटना होती है तो बिना किसी देरी के तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

भैंस के सौदे पर खूनी खेल ! सीहोर में बुजुर्ग की हत्या, 12 घंटे में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिनांक 7.10.2026 को सूचनाकर्ता द्वारा थाना मण्डी पर सूचना दी गई कि दिनांक 6.10.2026 की रात्रि ग्राम मुस्कुरा निवासी सीताराम वर्मा पिता हजारी लाल अपने खेत पर बने मकान की दिलान में गंभीर घायल अवस्था में मिले। उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे तथा सिर, मुंह एवं शरीर से खून निकल रहा था। घायल सीताराम वर्मा को तत्काल जिला अस्पताल सीहोर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भोपाल रेफर किया गया। इसके बाद उनका हमीदिया अस्पताल एवं सनसाईन अस्पताल भोपाल में ईलाज के दौरान सीताराम वर्मा की मृत्यु हो गई।

घायल अवस्था में मृतक सीताराम वर्मा ने अपने परिचितों को बताया कि शाम के समय उनके मोबाइल पर 93 से शुरू होने वाले नंबर से तीन बार फोन आया था। फोन करने वाला व्यक्ति उनसे उनके स्थान के संबंध में पूछ रहा था। मृतक के कथनानुसार उसी व्यक्ति द्वारा दराते से हमला कर उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं।

पुलिस कार्रवाई एवं आरोपी की गिरफ्तारी:- सूचनाकर्ता अखलेश वर्मा पिता हरिप्रसाद वर्मा उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम मुस्कुरा की रिपोर्ट पर थाना मण्डी में अपराध क्रमांक 342/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।



पुलिस टीम द्वारा सायबर टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पतारसी करते हुए अभियुक्त राजकुमार पिता देवसिंह नाथ, उम्र 20 वर्ष, निवासी गुडभेला नापली को घटना के करीब 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय पेश कर जिला जेल निरूद्ध किया गया है।

हत्या का कारण - प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मृतक व आरोपी का परिवार गाय-भैंस के (क्रय विक्रय) धन्धे में था, जहाँ आरोपी व उसके परिजनों को भैंस बेचनी थी, उसको मृतक ने गाय बेच दी थी जिससे आरोपी को नुकसान हुआ जिससे आक्रोशित होकर आरोपी ने हसिये से हमला कर सीताराम को गंभीर चोंट पहुँचाई जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है।

खबर संक्षेप



सेंट ने आईईएस स्कूल रेड को 5 रन से हराया

सीहोर। शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय खेल-कूद परिसर के क्रिकेट मैदान पर आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। इसमें सेंट मेरी ने आईईएस स्कूल रेड को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में ब्लू वर्ड की टीम ने आईईएस स्कूल ब्लू को 76 रन से हराया। इस मौके पर कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गुरुवार को मैदान पर दो मैच खेले गए। इसमें सेंट मेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए थे। इसमें अजित ने 81 रन की शानदार पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईएस रेड की टीम 117 रन ही बना सकी। आरएसआई के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच ब्लू वर्ड और आईईएस ब्लू के मध्य खेला गया। इसमें वर्ड ने 76 से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू वर्ड ने 3 विकेट खोकर 20 ओवर में 133 रन बनाए थे। इसमें आनंद मेवाड़ा ने 33 रन, आर्थव शर्मा ने 32 और धैर्य ने 13 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईएस ब्लू की टीम 57 रन ही बना सकी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत दुग्ध समितियों में किया गया पौधरोपण



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की दुग्ध समितियों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समितियों के परिसर में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संबंधित समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ ही आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविरों से आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान व सेवा संकल्प अभियान के तहत बरखेड़ा हसन में लगा शिविर

शासकीय योजनाओं से बदली हितग्राहियों की जिंदगी, साझा की सफलता और बदलाव की कहानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर विकासखंड के ग्राम बरखेड़ा हसन में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा, खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल, कलेक्टर बालागुरू के. तथा पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने सहभागिता की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध विधायक राय

सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता के कल्याण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विधायक श्री राय ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में आयोजित शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले शिविरों के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। संभाग आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सहभागिता से नागरिकों की समस्याओं को समझ कर उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा आमजन को शासकीय सेवाओं का लाभ सरलता और सुगमता से मिले। इसके लिए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए।

शिविर में विभिन्न विभागों ने हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की प्रक्रिया बताई : मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में कृषि, उद्योग, पशुपालन, पंचायत, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी। अधिकारियों ने योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं उनसे लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

शासकीय योजनाओं से बदली हितग्राहियों की जिंदगी, साझा की सफलता और बदलाव की कहानियां : मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में उद्योग, स्व-सहायता समूह, पंचायत सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। हितग्राहियों ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिली है। उन्होंने अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार शासकीय योजनाओं ने उनके जीवन को नई दिशा दी और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराए।

ग्राम वासियों की सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा हसन में आयोजित शिविर में भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर बालागुरू के. तथा पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने ग्रामवासियों से एक-एक कर संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं शासकीय सेवाओं का लाभ सुगमता से मिल सके।

मृत्यु के बाद दो लोगों के जीवन में रोशनी की उम्मीद लायंस क्लब ने परिजनों का किया सम्मान

नेत्रदान कर अंकुर श्रीवास्तव के परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल

बुधनी। अपनों को खोने का दुख गहरा होता है,लेकिन इसी दुख की घड़ी में दूसरों के जीवन में उजाला लाने का निर्णय मानवता की अनूठी मिसाल बन जाता है। नगर के वार्ड क्रमांक 06निवासी 45 वर्षीय अंकुर श्रीवास्तव के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज को सेवा, संवेदनशीलता और परोपकार का प्रेरक संदेश दिया है। परिवार के इस कदम से कॉर्निया की समस्या के कारण दृष्टिहीनता से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी मिलने की उम्मीद जगी है।



जानकारी के अनुसार अंकुर श्रीवास्तव का निधन नर्मदापुरम स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुआ। उनके निधन के बाद उनकी माता पुष्पा श्रीवास्तव ने पुत्र के नेत्रदान के लिए लिखित सहमति प्रदान की दुख की इस कठिन घड़ी में लिया गया यह निर्णय दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने की भावना को दर्शाता है। नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न कराने में मनीष वाजपई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,जबकि विनय यादव ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग किया। परिजनों की सहमति और सहयोग से यह सेवाकार्य संभव हो सका परिवार के इस निर्णय ने समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। अंकुर श्रीवास्तव के परिवार के इस प्रेरणादायी कार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लायंस क्लब नर्मदापुरम आयुष की ओर से अध्यक्ष डॉ.आर के गक्खर,शाहिद खान और मनीष गुप्ता ने परिजनों का सम्मान किया। इस दौरान परिवार के निर्णय को मानवता और समाजसेवा की भावना का प्रतीक बताया गया नेत्रदान के माध्यम से प्राप्त कॉर्निया का प्रत्यारोपण चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त मरीजों में कॉर्निया संबंधी दृष्टिहीनतादूर करने में मदद कर सकता है। इससे जरूरतमंद लोगों को पढ़ाई, रोजगार और दैनिक जीवन के कार्यों में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल सकता है। हालांकि, नेत्रदान से हर प्रकार की दृष्टिहीनता का उपचार संभव नहीं है,लेकिन पात्र मरीजों के लिए यह अनमोल उपहार साबित हो सकता है। अंकुर श्रीवास्तव के परिवार ने अपने असहनीय दुख के बीच नेत्रदान का निर्णय लेकर यह संदेश दिया है कि किसी व्यक्ति के जाने के बाद भी उसकी स्मृति दूसरों के जीवन में उजाला बनकर जीवित रह सकती है। समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस दिशा में आगे आने की जरूरत है,ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को दृष्टि का उपहार मिल सके।

217 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त, निक्षय टीमों का शुभारंभ



सीहोर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बुधवार को जिला चिकित्सालय सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में निक्षय टीमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नई दिल्ली से किया गया, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने जिले में निक्षय टीमों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स एवं माय भारत वॉलंटियर्स को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले में टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में सीहोर जिले की कुल 217 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इनमें 8 ग्राम पंचायतों को गोल्ड, 71 को सिल्वर और 138 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज श्रेणी में स्थान मिला है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने टीबी मुक्त हो चुकी पंचायतों—विशेष रूप से भंडेली, बिछिया, कादराबाद, आंवलीखेड़ा, निवारीया, पाटनी एवं बिजौरी आदि के सरपंचों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

9 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल के समर्थन में सफाई कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

समय पर वेतन सहित आठ मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने उठाई आवाज

सीहोर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर को ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर पालिका सीहोर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने संयुक्त मोर्चा के समर्थन में 9 अक्टूबर 2026 से प्रस्तावित प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर भी आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय पर वेतन भुगतान सहित उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे भी हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे। इससे आगामी नवरात्र पर्व के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।



सफाई कर्मचारियों ने मांग की है कि सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों और ऋण की किस्तों का समय पर भुगतान कर सकें। इसके साथ ही सभी विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने तथा वर्ष 2007 से 2016 तक के कर्मचारियों को विनियमितीकरण का लाभ देने की मांग उठाई गई है। कर्मचारियों ने आउटसोर्स (ठेका पद्धति) के स्थान पर 30 दिवस के आधार पर कर्मचारियों को रखने और उनका भुगतान नगर पालिका प्रशासन द्वारा किए जाने की मांग की है। उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था में परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने जैसी आपात परिस्थितियों में अवकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही है। इसके अलावा, जिन विनियमित कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार के एक सदस्य को नियुक्ति देने, ठेका पद्धति से कराए जा रहे सफाई कार्य को पूर्णतः बंद कर मस्टर पद्धति से कार्य कराने तथा शहर की बढ़ती आबादी और विस्तारित क्षेत्र को देखते हुए 200 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग की गई है।

कर्मचारियों ने प्रशासन से सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण करने की अपील की है। उनका कहना है कि समय पर समस्याओं का समाधान होने से कर्मचारियों को राहत मिलेगी और शहर की सफाई व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी। छुट्टन चावरिया, अन्ना नरवारे, देव कुमार बोयत, मुकेश चावरिया, बंकट खरे, राजु बेद, प्रकाश तेजी, सुनील तेजी, सन्नी संगेलिया, मुख्तार भाई आदि उपस्थित रहे।

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने आर्मी सेंट्रल वेलफेयर फंड को दी 5 लाख रुपयों की भेंट

सीहोर। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने अपने सातवें वार्षिक दीक्षांत समारोह में अतिथि के रूप में सम्मिलित भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) और 'ऑपरेशन सिंदूर' के सूत्रधार जनरल उपेंद्र द्विवेदी को भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा और बलिदान के सम्मान में आर्मी सेंट्रल वेलफेयर फंड में 5 लाख की राशि का चैक वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुश्री कादंबरी एस. विश्वनाथन ने भेंट किया। यूनिवर्सिटी की इस पहल का मकसद भारतीय सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण में सहयोग करना और देश के प्रति उनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देना है। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस मौके पर वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की सेवा भावना की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।



गांधी पार्क में कांग्रेस ने काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव ने किया लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आज तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए शांतिपूर्वक जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान उन्हें रोका गया और उनके साथ बलपूर्वक व्यवहार किया गया। उन्होंने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं और इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ दुर्व्यवहार तथा लाठीचार्ज किए जाने का आरोप भी लगाया।

गुजराती ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में आज के दिन को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस घोषित किया है।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर व्यापक विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर महेश दयाल चौरसिया, विष्णु प्रसाद राठौर, ओम वर्मा, सीताराम भारती, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, ओमाबाबा राठौर, डॉ.अनीस खान, मुनव्वर मामू, हफीज चौधरी, मजीद अंसारी, इरफान लाला, रमायण प्रसाद शुक्ला, डॉ.नन्दलाल यादव, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, अजय रैकवार, विनीत गोयल, पंकज शर्मा, आसिफ अंसारी, ब्रजेश पाटीदार, जतिन परमार, सोनू विश्वकर्मा, विवेक टाँक, हर्ष गुप्ता, युसूफ खान, अतीक चौधरी, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

प्रधान डाकघर सीहोर में आज बनेंगे आधार कार्ड

सीहोर। आधार कार्ड बनवाने एवं उसमें आवश्यक संशोधन कराने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधान डाकघर सीहोर में शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को विशेष आधार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा। इसमें बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के नए आधार कार्ड बनाने के साथ पुराने आधार कार्ड में आवश्यक अपडेट किए जाएंगे। शिविर के दौरान आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, बायोमेट्रिक विवरण एवं फोटो में बदलाव सहित विभिन्न प्रकार के अपडेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे नागरिकों को आधार संबंधी कार्यों के लिए अतिरिक्त समय और सुविधा मिल सकेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी आष्टा, जिला सीहोर म.प्र.

प्र.क्र. 3/ अपील/2026-27/2026
आष्टा, दिनांक 30/09/2026

//आम सूचना//

प्रति,
1- शरीफ खाँ, इस्माईल खाँ. लतीफ खाँ आ० पदम खाँ. निवासी बरछापुरा
2- वहीद खाँ, अलाउददीन खाँ आ० गुलमोहम्मद निवासी चिंतामणपुरा
3- मनसफ खाँ आ० नबीबगस निवासी बरछापुरा
4- जमालखाँ आ० बशीर खाँ निवासी बरध्धापुरा तहसील जावर जिला सीहोर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री सिकंदर खाँ आ० कलंदर अन्य-13 निवासी कुरलीकलों तहसील जावर जिला सीहोर के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के ग्राम कुरलीकलों की संशोधन पंजी कमाक 11 आदेश दिनांक 04.10.2018 के माध्यम से हुये बंटवारा के विरूद्ध अपील-कमाक 3/अपील/2026-27 प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन होकर आपकी उपस्थिति हेतु नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 16/10/2026 को प्रातः 11 बजे स्वयं, आपके अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को आपके अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व आष्टा

न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर

प्रकरण कमांक 009/अ-20(3)/2026-27, ग्राम कस्बा

// जाहिर सूचना//

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। संस्था का नाम THANA TRAFFIC SEHORE संस्था का प्रकार Other संस्था का पता Kasba Sehre द्वारा THANA TRAFFIC SEHORE KE BHAWAN NIRMAN हेतु नगरीय जिला सीहोर के ग्राम कस्बा सीहोर आवेदित के सर्वे कमांक 1021/4 रकबा 5.2930 हे. में से 2.000 हे. का स्थानीय निकाय को भूमि स्वामी हक में भूमि दिया जाना भूमि आवंटन / नजूल भूमि स्थायी पटटा स्वयं संस्था के नाम चाहा गया है। उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगरवासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वेध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषण आज दिनांक 09.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील सीहोर नगर

विपक्षी नेताओं पर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मजबूत व स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण, लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध की आवाज दबाना अस्वीकार्यः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजबूत एवं स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की नीतियों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े गंभीर विषयों पर सवाल उठाना तथा जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा दिल्ली में विपक्षी नेताओं के शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के दौरान की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला प्रशासन राजगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 6 एवं 7 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संबंध में विपक्षी नेताओं द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अनेक विपक्षी नेताओं एवं सांसदों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को सुना जाना चाहिए, दबाया नहीं जाना चाहिए।

शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का पूरी तरह पालन होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संवाद, असहमति, संवैधानिक अधिकारों और संस्थागत जवाबदेही की मजबूत नींव



पर खड़ा है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर विपक्ष की आपत्तियों और मांगों को गंभीरता से सुना जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है।कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। शांतिपूर्ण विरोध की आवाज को पुलिस कार्रवाई से दबाने के बजाय संवैधानिक संवाद के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के संगठन महासचिव श्री राधेश्याम सोमेतिया सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें

- 1. दिल्ली में हुई उक्त घटना का निष्पक्ष संज्ञान लेकर संबंधित तथ्यों की समीक्षा की जाए।
- 2. विरोध-प्रदर्शन के दौरान विपक्षी नेताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई की वैधानिकता एवं प्रक्रिया की समीक्षा की जाए।
- 3. शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन के अधिकार तथा कानून-व्यवस्था के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
- 4. यदि किसी स्तर पर निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- 5. संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

किसानों की बैठक आयोजित

पान उत्पादक किसानों को और समृद्ध किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले का भानपुरा क्षेत्र पान की खेती के लिए प्रसिद्ध है। पान उत्पादक कृषकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए कार्य योजना बनाई गई है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा भानपुरा में पान उत्पादक किसानों की बैठक ली गई। जिसमें कृषकों की आवश्यकताओं समस्याओ की जानकारी लेते हुए शासकीय योजनाओं से मदद की रूपरेखा निर्धारित की गई। क्षेत्र में पान उत्पादक कृषकों का क्लस्टर भी बनाया गया है।

भानपुरा क्षेत्र में उत्पादित पान को न केवल दूर दिल्ली, जयपुर आदि मंडीयों में पहुंचा कर किसानों को अधिक लाभ दिलाया जाना है साथ ही शासन की योजनाओं की मदद से पान कृषकों को ट्रेनिंग तथा आर्थिक सहायता दिलवा कर पान के अन्य प्रसंस्करण पान कैंडी जैसे अन्य खाद्य उत्पाद बनाकर मार्केट दिलवाना है, ताकि पान कृषक आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध हो सके क्षेत्र में अधिकाधिक रूप से पान बरेजो को नेट शेड, पाली हाउस योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध करवाना है।

युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

ब्यावरा। संस्कृत भारती का युवा संवाद कार्यक्रम गत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा में संपन्न हुआ। जहा संस्कृत भारती के अखिलभारतीय अधिकारी पत्राचार प्रमुख डॉ. संजीव राय द्वारा महाविद्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों से सवाद किया। उन्होने संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी का देशके प्रति दायित्व क्या है, इसको हमे समझना चाहिए। हम किस प्रकार देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं, हम संस्कृत को किस प्रकार जन भाषा बना सकते हैं।

वोट बचाओ मार्च निकालने के बाद कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची के मार्गदर्शन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के आह्वान के साथ "वोट बचाओ, देश बचाओ" मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत आशा भवन से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंचा। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव



आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारंगपुर के अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर की पैथोलॉजी लैबों पर हाल ही में हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इससे आमजन एवं मरीजों को जांच कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को आवश्यक जांच के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने जनहित एवं मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए पैथोलॉजी लैबों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें पुनः संचालित करवाने की पहल करने का आग्रह किया, ताकि आमजन को हो रही परेशानी कम हो सके। मार्च एवं ज्ञापन के दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीएसएनएल द्वारा क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइनों का जल निगम ने कराया निरीक्षण, नियमानुसार की कार्रवाई

जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बीएसएनएल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्य के दौरान जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में बांकपुरा-कुशलपुरा पेयजल योजना अंतर्गत एचडीपीई- 160 एवं एचडीपीई-90 एमएम पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से राजपुरा, बख्तियारपुरा एवं रलायती गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई।पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी के निर्देश पर डीटीएल श्री जयदीप



सिंह एवं सहायक अभियंता श्री योगेंद्र सिंह तोमर द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत बीएसएनएल के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी द्वारा पूर्व में भी बीएसएनएल द्वारा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के मामलों में भोपाल स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई कराई गई है। जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा पाइपलाइनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

विधायक व कलेक्टर ने विकासात्मक कार्यों का अवलोकन किया, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा भानपुरा तथा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। विकासात्मक कार्यों का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

विधायक तथा कलेक्टर ने ग्राम रायपुरिया में कृषक अमन चौधरी द्वारा की जा रही ब्लूबेरी की खेती का अवलोकन किया। खेती की तकनीक एवं उत्पादन संबंधी जानकारी ली। उक्त कृषक को नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के माध्यम से हाईटेक नर्सरी योजना अंतर्गत शेडनेट हाउस का लाभ प्राप्त हुआ है, जिसमें उनके द्वारा ब्लूबेरी की खेती की जा रही है।

ग्राम हरिपुरिया में कृषक मुनीराम के खेत पर धान की खेती का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कृषक से खेती, उत्पादन एवं कृषि गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली



तथा अन्य कृषकों से भी संवाद किया।

ग्राम हमीरगढ़ में विधायक तथा कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय का शुभारंभ किया। स्थानीय स्तर पर ही पटवारी से संबंधित कार्यों की सुविधा प्राप्त होगी।

मॉडल स्कूल भानपुरा में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

नवरात्रि के लिए सज-धजकर तैयार हो रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

आरोन। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मां दुर्गा की अगवानी में अब महज चार दिन शेष हैं, ऐसे में मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जिले में करीब एक हजार से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। प्रतिमाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब रंग-रोगन, नयन निर्माण, श्रृंगार एवं फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है।

अग्रवाल समाज परिश्रमी और दानशील समाज हैः जगदीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

अग्रवाल समाज परिश्रमी एवं दानशील समाज है और अपने परिश्रम , कड़ी मेहनत, लगनशीलता से वह आज देश दुनिया में आगे बढ़ा है । ऊंट गाड़ी से लेकर मर्सिडीज तक का मुकाम हमने अपनी कड़ी मेहनत से हासिल किया है। देश में जितने भी बड़े महानगर है वहां पर अग्रवाल समाज की धर्मशालाएं, स्कूल, कॉलेज विद्यमान है। परमार्थ के हर कार्यों में समाज की भूमिका अहम रहती है। हमें हमारे पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेनजी द्वारा बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए । विशेष कर युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए ।

उक्त विचार उज्जैन सिंहस्थ मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने



मंदसौर में नरसिंहपुरा स्थित महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तृतीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष संजय कल्याणमल मित्तल ने की । मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , पियूष गर्ग , श्रवण अग्रवाल, सुरेश गर्ग अंकित ,डॉ दीपक अग्रवाल ,डॉ आशीष अग्रवाल, एवं दिनेश सिंहल उपस्थित थे। उज्जैन सिंहस्थ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर का अग्रवाल समाज काफी जागरुक है, संख्या में जरूर यहां अग्र बंधु कम है लेकिन महाराजा अग्रसेन जी की जन्म जयंती पर छः दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन करके यह साबित कर दिया है कि हम हमारे आराध्य देव की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे विशेष कर मातृशक्ति की उपस्थिति की उपस्थिति अनुकरणीय है ।

स्वागत उद्बोधन समाज अध्यक्ष संजय मित्तल ने दिया। आमंत्रण संयोजक नरेंद्र अग्रवाल ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। उज्जैन सिंहस्थ मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल को समाज अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, ने अभिनंदन पत्र , भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा एवं महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंटकर सम्मानित किया ।

भर्ती कैंप का आयोजन नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया

सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप में 16 युवाओं ने लिया भाग, 6 का चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन गुरूवार को नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया।

जिसमें गांवों से 16 युवाओं ने भाग लिया। शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी श्री सुरेंद्र



कुमार ने 06 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी राजेंद्र सोनगरा ने बताया अगले भर्ती कैंप का आयोजन 09 अक्टूबर, 2026 को जनपद पंचायत खिलचीपुर में किया जाएगा।

थाने से मंदिर तक जगमगाएगा मार्ग, उद्यान व मंदिर के नक्शे का होगा अनावरण

नवरात्र में आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा वैष्णो देवी मंदिर जबलपुर थीम का पंडाल व चलित लाइटिंग बनेगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शारदीय नवरात्र में एबी रोड स्थित मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर इस बार आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के साथ विशेष सजावट और विद्युत व्यवस्था की जा रही है। जबलपुर की थीम पर तैयार किया जा रहा भव्य पंडाल और थाने के मंदिर तक चलित लाइटिंग और आकर्षक विद्युत सज्जा नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेगी।

नवरात्र महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में तैयार किए गए उद्यान का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मंदिर के प्रस्तावित नक्शे का अनावरण भी होगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कमल खस ने बताया कि नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। शाम के समय मंदिर परिसर के साथ थाने से वैष्णो देवी मंदिर तक के मार्ग को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। चलित लाइटिंग के कारण मार्ग पर



अलग.अलग तरह की रोशनी और सजावट श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी।

11 अक्टूबर से शुरू होंगे आयोजन

नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ होगी। पहले दिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे श्रीरामायण पाठ का शुभारंभ होगा। शाम को विशेष गरबा आयोजन रखा गया है। नौ दिनों तक सुबह.शाम आरती होगी और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।20 अक्टूबर को श्रीरामायण पाठ का समापन होगा। इस अवसर पर पूर्णाहुति के बाद शाम को महाआरती आयोजित की जाएगी। वहीं 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक कन्या पाद पूजन और विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।

जैन समाज ने भक्तामर दिवस पर सामूहिक रूप से विश्व कल्याणार्थ किया भक्तामर स्त्रोत का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

शुक्रवार 9 अक्टूबर को प्रातः नगर के जैन धर्मावलम्बियों की विशाल भीड़ ने एकत्र होकर सामूहिक रुप से भक्तामर दिवस पर भक्तामर स्तोत्र का एक स्वर में पाठ किया तथा आचिन्त्य शक्ति से मंदसौर की सद्भावना, शांति और तरक्की के दौर की विकसित होने की प्रार्थना की। सकल जैन समाज द्वारा आयोजित सभा में जैन समाज के सभी समुदायों के सन्त तथा श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे ।

जैनों की इस बड़ी सभा का प्रारंभ दिगम्बर जैन मुनिराज श्री शुद्धसागरजी म. द्वारा किये गये मंगलाचरण से हुआ। उपरान्त श्वेताम्बर जैन आचार्य श्रीमद विजय सागरचंद्रसागर सूरीश्वरजी मसा. ने न नवकार तथा मांगलिक पाठ किया। सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन गोटावाला एवं संयोजक श्री सुरेन्द्र लोढा ने नवकार की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित किया।

पूरा सभागृह श्रावक-श्राविकाओं से ठसाठस भी भरा हुआ था। अरविन्द जैन तथा सुधा पाटनी



के स्वरों ने स्तोत्र की उच्च स्वर में शुरूआत की। स्थानक के अध्यक्ष राजूभाई संचेती ने सभी का स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जैनाचार्य श्री सागरचन्द्रसागर सूरीश्वरजी मसा ने फरमाया कि आचार्य श्री मांगतुंगसूरिजी ने आत्मा को अजर अमर बनाने के लिये 48 गाथाओं का जो यह प्रभु श्री आदिश्वरनाथ की प्रशस्ति में काव्य प्रदान किया, उसका पठन तथा प कर हर भक्त अपना उद्धार कर सकता है। इस स्तोत्र की साधना से कर्मों का क्षय होता है एवं आत्मा उल्लास के साथ उन्नति करती हैं। इसका स्मरण प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कर अपनी व्याधियों तथा उपाधियां दूर कर सकता है। यह प्रभावकारी काव्य है। अगणित भक्तों ने इसे कंठस्थ भी कर रखा है।

त्रिस्तुतिक मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी मसा. ने फरमाया की भक्तामर स्तोत्र ऐसा कल्पवृक्ष है जिसके सामने जाते ही मनोभाव की पूर्ति हो जाती है। यह साधक को सभी चिन्ताओं से मुक्त करता है एवं उसे सुख, संतोष, हर्ष की उपलब्धि देता है । इसके सामूहिक उच्चारण व जाप का मंदसौर में सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजन अद्भूत है। सकल जैन समाज प्रति वर्ष ऐसे तीन चार सामूहिक आयोजन कर पूरी जैन समाज की एकता को दृढ बना दे। अंत में सकल जैन समाज के महामंत्री शेखर कासमा ने आभार प्रदर्शन किया । वीरपुत्र जयम के श्री अक्षय मारु ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की । अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया । तीर्थ धाम चातुर्मास समिति ने किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्षगण, वर्तमान पदाधिकारीगण सहित बडी संख्या में सकल जैन समाज के श्रावक - श्राविकाएं उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

अभियान चलाकर घर-घर जाकर फॉर्म की जानकारी एकत्रित की



खाचरौद। मतदान केंद्र क्रमांक 146, 147, 148 के बीएलओ बाबूलाल पेरवाल, देवेंद्र मुंद्रा और सूरज जाट द्वारा विशेष अभियान चलाकर घर-घर जाकर मतदाताओं से फॉर्म 6, 7, 8 की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

नशामुक्ति सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित नशा मुक्ति सप्ताह का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम सीहोर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. सुरेंद्र मेवाड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक संचालक आकाश गोयल, रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल एवं वसुंधरा वेलफेयर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, संस्था प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी हानियों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत जिले में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति संदेश आधारित रैली, प्रश्न मंच, स्लोगन एवं अन्य प्रतियोगिताएं, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जागरूकता गतिविधियां के माध्यम से नशा मुक्ति की शपथ जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशे से दूर रहने संकल्प लिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका में आयोजित हुआ सेवा मेरे योगदान कार्यक्रम

नपाध्यक्ष ने देश सेवा करने वाले सैनिकों का किया सम्मान वार्ड दो में 32 लाख की लागत से सीसी रोड़ का किया निर्माण





परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया यह निर्णय सीहोर के भविष्य के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा शहर में सड़क निर्माण एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 स्थित देव नगर कॉलोनी में 32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य किया गया। इस सड़क का निर्माण नर्मदा प्रसाद के घर से पर्वत मेवाड़ा के घर होते हुए डॉक्टर साहब के घर तक कराया गया है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। अच्छी सड़कों से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलती है और क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होता है। नगर पालिका द्वारा शहर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। आगे उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के विकास और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़क, नाली सहित अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय सहित वार्ड क्रमांक 2 के रहवासी उपस्थित रहे।

सैनिकों का किया सम्मान, पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को साकार करते हुए नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरे योगदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद के सभागार में देश की रक्षा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सैनिकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शाम को शहीद स्मारक परिसर में 201 पौधों का रोपण कर वीर शहीदों को नमन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

सैनिकों का सम्मान राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक : प्रिंस राठौर

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि 'देश के सैनिक हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। जब पूरा देश चैन की नींद सोता है, तब हमारे वीर जवान सीमाओं पर जागकर देश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। सैनिकों का त्याग, साहस और समर्पण प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका योगदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। सैनिकों का सम्मान करना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। हम सभी का दायित्व है कि अपने वीर सैनिकों और शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखें तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।' अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगे कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। सैनिकों का सम्मान करना और शहीदों की स्मृति में पौधारोपण करना इसी भावना का हिस्सा है। देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों के प्रति सम्मान के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

शहीद स्मारक पर 201 पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

सैनिक सम्मान समारोह के बाद शाम को शहीद स्मारक परिसर में 201 पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के माध्यम से शहीदों की स्मृति को नमन करने के साथ ही शहर को हरित एवं स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया। पौधारोपण के जरिए नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और पौधों की देखभाल करने के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पौधे लगाना प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल का संकल्प भी लेना चाहिए, ताकि आज लगाया गया पौधा कल एक विशाल वृक्ष बनकर समाज को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण प्रदान कर सके।

जनप्रतिनिधि, नागरिकों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, नरेंद्र राजपूत, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय, गगन नामदेव, शुभम राठौड़, नितेश राठौर, गोविंद मीणा, प्रवेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे। आयोजित हुए कार्यक्रम के माध्यम से नगर पालिका परिषद ने सैनिकों के सम्मान, शहीदों की स्मृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह आयोजन राष्ट्रसेवा और जनसेवा के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश देने वाला रहा।

सेंट एनिस ने आईईएस को 190 रन से हराया

सीहोर। भोपाल नाके स्थित मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में सेंट एनिस स्कूल की टीम ने आईईएस को 190 रन के विशाल अंतर से हराया, इस मैच में सेंट ऐनिस की ओर से लोकेन्द्र धनगर ने 75 गेंद पर 113 रन और गौरव जायसवाल ने 33 गेंद पर 43 रन की शानदार पारी खेली। मैच के अंत में कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शुक्रवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट ऐनिस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 241 रन बनाए थे। इसमें लोकेन्द्र धनगर ने 113 रन, गौर जायसवाल ने 43 रन और अर्पित वर्मा ने 12 रन की पारी खेली। इधर आईईएस ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य-राहुल मालवीय ने 2-2 विकेट, विश्वास-खुशहाल ने 1-1 विकेट हासिल किया। रोमांचक मैच में ब्लू वर्ड ने लुर्द माता स्कूल को हराया। आरएसआई के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एक रोमांचक मुकाबले में ब्लू वर्ड स्कूल ने लुर्द माता स्कूल को 2 रन से हराया। इस मैच में ब्लू वर्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 102 रन बनाए थे, वहीं लुर्द माता स्कूल मात्र 100 रन ही बना सका।

युवा संगम में खुली रोजगार की राह

देवास। जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईटीआई परिसर देवास में 'युवा संगम' का आयोजन किया गया। युवा संगम में कुल 245 आवेदकों ने रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए पंजीयन कराया और विभिन्न क्षेत्रों की 21 कंपनियों ने भाग लिया । युवा संगम में विभिन्न कंपनियों ने 159 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया। युवा संगम के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों की जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया।युवा संगम में शामिल होने वाले युवाओं का जॉब पोर्टल पर पंजीयन भी कराया गया। पंजीयन के बाद रोजगार कार्यालय के काउंसलर द्वारा आवेदकों को कैरियर काउंसलिंग एवं स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। युवा संगम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रोजगार कार्यालय तथा आईटीआई देवास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कलेक्टर साहब गरीबों की जमीनों से हटवाए दबंग लोगों के कब्जे: विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरखेड़ा हसन में आयोजित मुख्यमंत्री समस्या निवारण शिविर में विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर बाला गुरु से साफ शब्दों में कहा कि दबंग लोगों ने वास्तविक हकदार गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रखा है कलेक्टर साहब सीहोर में दबंगई नहीं चलेगी तहसीलदारों को निर्देश दीजिए गरीबों की जमीनों से दबंगों के कब्जे हटवाइए। विधायक सुदेश राय ने कहा कि ऐसे कई मामले पेंडिंग पड़े हुए हैं शिकायत लोग मेरे पास लेकर आ रहे हैं सीहोर विधानसभा में दबंग की दबंगई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारी भी ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ मोहन यादव देश और प्रदेश के विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाना है। महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना जननी सुरक्षा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाडली बहन पीएम माथुर वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी अनेक जनहित क्रियान्वित की जा रही है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि किसान कल्याण के लिए भी अनेक योजनाओं चलाई जा रही है किसानों को भी भरपूर लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा, खनिज विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल, कलेक्टर बालागुरू के. पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने सहभागिता की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

सुदामा चरित्र जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की हमें सीख देता है: कथावाचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। सुखी गृहस्थ परिवार वही है जहां पति-पत्नी में आपसी सामंजस्य हो। यह सामंजस्य तभी संभव होता है जब पति-पत्नी अपनी मर्यादा का पालन करें। कभी-कभी गृहस्थ जीवन में धर्म संकट उत्पन्न हो जाता है। उस समय पति-पत्नी दोनों को आपसी सूझबूझ से काम लेना चाहिए।

किसी निर्णय को लेने में जरा सी चूक हुई तो गृहस्थ संसार में पश्चाताप करने के सिवाय कुछ भी नहीं मिलता है। भगवान को प्राप्त करने के लिए भाव सुंदर होना चाहिए, कलियुग में भक्ति और नाम जप का काफी महत्व है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लसूडिया परिहार में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंकज कृष्ण महाराज ने कहे।

शुक्रवार को सात दिवसीय भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तो को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है उन्होंने कहाकि भगवान अपने भक्तों की पुकार सुनते है, मित्रता भी एक भक्ति की तरह होनी चाहिए, मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो।

सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

ग्राम लसूडिया परिहार में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के समापन के पश्चात शनिवार को सुबह 11 बजे से भगवान के भोग के पश्चात शाम पांच बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

रेत नाका कार्यालय में तोड़फोड़ व मारपीट, आठ आरोपी गिरफ्तार

कमलापुर थाना पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

धनतलाव स्थित रेत नाका कार्यालय में लाठी-डंडों और रॉड से लैस होकर तोड़फोड़ एवं मारपीट करने के मामले में कमलापुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें बागली जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे धनतलाव निवासी दिनेश सिंह राजपूत ने थाना कमलापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि रेत के डंपर की रॉयल्टी चेक करने की बात को लेकर विशाल सिंह राजपूत निवासी हाटपीपल्या अपने करीब 13-14 साथियों के साथ तीन चार पहिया वाहनों से रेत नाका कार्यालय पहुंचा। आरोप है कि सभी के हाथों में लाठी-डंडे और रॉड थे। कार्यालय में पहुंचते ही आरोपियों ने मारपीट और दबंगई करते हुए तोड़फोड़ की, जिससे कार्यालय में नुकसान हुआ।रिपोर्ट के आधार पर कमलापुर थाना पुलिस ने बलवा, मारपीट और तोड़फोड़ सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश और पतारसी शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल राठौड़, अजय राजपूत, सावन सिंह राजपूत, मनमोहन सिंह उर्फ शंभू राजपूत, सूरज सोलंकी, विजय बोडाना, दुर्गेश राजपूत, सभी निवासी हाटपीपल्या तथा अर्जुन मीणा निवासी ग्राम कलवार शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, अरुण आर्य, रायचंद झोड़िया, सत्यप्रकाश मिश्रा आदि की रही भूमिका।

नवीन दशहरा मैदान पर विधायक ने किया भूमिपूजन

दशहरा पर मैदान में लगेगा मेला, होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयदशमी को लेकर नगर में उत्साह के साथ उत्सव का माहौल है। शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से नवीन दशहरा मैदान पर दशहरा पर्व मनाने हेतु कार्यो का भूमिपूजन मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी, नपा अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाडा,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती,सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह,सहित सभी आमंत्रित अतिथियों की गरिमामय उपस्तिथी में सम्पन्न हुआ। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक, पंडित डॉ दीपेश पाठक ने मंत्रोच्चार से भूमिपूजन की सभी विधि सम्पन्न कराई। आयोजित भूमिपूजन समारोह में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के सभी वरिष्ठजन, सभी समाजों के एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख, पत्रकार सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्तिथ रहे। विजयदशमी समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी ने भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे सभी नागरिको का स्वागत कर उनका सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

संकल्प अभियान व स्वच्छ भारत अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज सभी के परस्पर सहयोग, सामंजस्य एवं संगठन से ही आगे बढ़ता है। समाज में सभी प्रकार के लोग होते हैं जिनमें से कुछ सम्पन्नता के शिखर पर होते हैं परंतु बहुत बड़ा एक ऐसा वर्ग भी है जो अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिये भी संघर्ष करता नजर आता है। समाज की इसी विडंबना को समाप्त करने की एक कोशिश सेवा संकल्प अभियान के रूप में की जा रही है।

जिसे ट्रिपल आर नाम दिया गया है जिसका तात्पर्य है रिड्यूज, रीयूज एण्ड रीसायकल। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं अन्य लोगो से ऐसी सामग्री एकत्रित की जाती है जो सही स्थिति में तो है परंतु अब उनके काम की नहीं है। उन्हें एकत्रित करके नगरपालिका के माध्यम से जरूरतमंदो में वितरित किया जाता है। उक्त जानकारी अपने उद्बोधन में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेंवाड़ा द्वारा मार्टिनेट विद्यालय में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के आयोजन में दी गई। उक्त आयोजन नगर पालिका परिषद की सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मेनेजमेण्ट एण्ड कंसल्टेण्ट प्राईवेट लिमिटेड, उज्जैन द्वारा आयोजित किया गया था जिसनें नगर में स्वच्छता का बीड़ा उठाया हुआ है।

पार्षद डॉ. सलीम खान वरिष्ठ भाजपा नेता कोमल जैन, जन अभियान परिषद् के परामर्शदाता राकेश शर्मा एवं नगर में स्वच्छता संबंधित जनजागरूकता गतिविधियों के टीम लीडर राजकुमार अकेला भी अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये।